पेंशन अदालत 22 मामले निपटाये

अजमेर, (कासं)। मंडल कार्यालय अजमेर में 16 जून 2025 को अपर मंडल रेल प्रबंधक विकास बूरा की अध्यक्षता में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया जिसमें कुल 25 प्रकरण में से 22 प्रकरण का समाधान/निस्तारण किया गया। शेष तीन प्रकरणों को समीक्षा के लिए रखा गया।पेंशन अदालत का संचालन वंदना चौबे, सहायक कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया। अदालत में लेखा विभाग, कार्मिक विभाग एवं बैंक अधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से सचिव सी पी निर्वाण एवं उपाध्यक्ष अनिल सिंघल शामिल हुए जिन्होंने प्रशासन के सकारात्मक रूख की सराहना की।

कांग्रेस ने की अजमेर के तालाबों के संरक्षण की मांग

अजमेर । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के शिष्टमण्डल ने सोमवार को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देखकर राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण महा अभियान के तहत ऐतिहासिक बावडियों की साफ सफाई पुनर्निर्माण एवं जिर्णोद्धार के निर्देश प्रदान कर प्राचीन विरासत को संरक्षित करने की मांग की है । कांग्रेसियों ने ज्ञापन ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा वंदे गंगाजल संरक्षण जन अभियान के तहत जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, भूजल पुनर्भरण, जल प्रदूषण में कमी, व्यवहार परिवर्तन से बेहतर जल उपयोग, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत अजमेर शहर की ऐतिहासिक प्राचीन एवं पुरातत्व महत्व की बावड़ियों कुओं एवं तालाबों के संरक्षण साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार कर प्राचीन जल स्रोत्र को संरक्षित करने के निर्देश प्रदान करे। कांग्रेस नेता रलावता ने बताया कि अजमेर में चौहान वंश का शासन रहा है। अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान के वंशजों ने अजमेर को बसाया था, चौहान वंश के राजाओं ने अजमेर में आमजन के लिए सुरक्षा के साथ-साथ पेयजल की भी व्यवस्था की। परकोटे के अलावा लोगों की प्यास बुझाने के लिए कुएं, बावड़ियां और तालाब बनवाए, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस वीरासत को संजोया नहीं जा सका।

आवश्यक देखभाल के अभाव में यह ऐतिहासिक वीरासत दुर्दशा का शिकार हो रही है और कचरे से अटी पड़ी है, जिससे जल आवक सीर भी बंद हो गई हैं। कांग्रेसियों में जिला कलेक्टर अजमेर को बताया कि अजमेर शहर एवं उसके आसपास स्थित ऐतिहासिक प्राचीन एवं पुरातत्व महत्व बावड़ियों में मलुसर की बावड़ी पहाड़गंज, चांद बावड़ी, कातन बावड़ी कमला बावड़ी केला बावड़ी बीकाजी की बावड़ी गगवाना चोर बावड़ी सलेमाबाद रसाला बावडी अपना बाजार सिनेमा रोड भाटा बावडी आमा बावडी बडबाव बावडी नाग बावडी लाल बावडी अन्दर कोट झरनेश्वर बावडी झालरा डिग्गी तालाब काजीपुरा कुण्ड है। ऐतिहासिक विरासत में मिली इन बावड़ियों एवं कुओ की साफ सफाई पुननिर्माण एवं जिर्णोद्धार की आवश्यकता है। इस अवसर पर शिवकुमार बंसल, महेश चौहान, पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, कांग्रेस विधि प्रकोष्ट के प्रदेश महासचिव अक्षय सिंह सोनी, आजाद लखन, शक्ति सिह रलावता, मुकेश सिंह राठौड़, भरत राणा, शंकर गुर्जर, कुश महेंद्र सिंह रलावता, अहमद हुसैन, अकरम कुरैशी, अहमद हुसैन, वाजिद हुसैन, रियाज शेख, शाहबाज खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंत्री भागीरथ चौधरी का जन्मदिन मनाया

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। केंद्रीय राज्य मंत्री अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी का जन्म दिवस परोपकारी सेवा कार्यों के साथ सादगी से मनाया गया। अहमदाबाद में घटित विमान हादसे को लेकर केंद्रीय मंत्री ने अपने जन्मदिन पर गौशाला में गौमाता को चारा खिलाने के अलावा राजकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरण, टीबी मरीजों को पोस्टिक आहार किट सहित अन्य सेवा कार्य करने का निर्णय लिया। केंद्रीय मंत्री चौधरी के देहरादून कार्यक्रम में जाने के कारण इनके पुत्र युवा नेता सुभाष चौधरी सैकड़ो समर्थको के साथ जन्मदिन पर पुनीत कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने में जुट गये। युवा नेता सुभाष चौधरी ने राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में पिछले दो साल से बंद सोनोगराफी मशीन को शुरू कराकर आमजन को सौगात दी।

सार-समाचार

केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद का जन्मदिन सेवा कार्य कर मनाया

अरांई, (निसं)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भागीरथ। चौधरी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य कर मनाया। मंडल अध्यक्ष शिवरतन सिंह की अध्यक्षता में मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने फल वितरण व पौधारोपण किया। वहीं युवा मोर्चा अध्यक्ष सांवरलाल भदाला की अगुवाई में जरूरतमन्दों को भोजन करवाया गया। सेवा कार्यों के तहत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजो को फल वितरण किया गया। साथ ही पुलिस थाना अरांई, उपखण्ड़ अधिकारी कार्यालय, अस्पताल में नीम, शीशम, पीपल सहित छायादार पोधो लगाए गए। युवा मोर्चा अध्यक्ष सांवरलाल ने बताया कि अन्नपूर्णा रसोई में जरूरतमन्दों को निशुल्क भोजन करवाया गया। भदाला ने बताया कि केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी की अगुवाई में अजमेर संसदीय क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास करवाया जा रहा है। इस अवसर पर अरांई मंडल अध्यक्ष शिवरतन सिंह राठौड़, महामंत्री जतन चौधरी, एडवोकेट भागीरथ चौधरी, उपाध्यक्ष किशन माकड, मंडल मंत्री लक्ष्मण गोस्वामी, कोषाध्यक्ष सांवरमल भदाला, छोटू लाल गुर्जर, राजू गुलानिया, छोटू गुर्जर, शरद शर्मा, फतेह सिंह, बंटी कुड़ी, लादूराम धोबी जवान डसानिया सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छतों पर वाटर प्रूफिंग कराई

अजमेर । मानसून से पूर्व ही संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल प्रशासन ने तैयारियों में जुट गया है ताकि बारिश के दौरान मरीजों और स्टाफ को परेशानी का सामना न करना पड़े। अस्पताल भवन की छतों पर वाटरप्रूफिंग सहित नाले नालियों की सफाई के साथ साथ पानी भरने वाले स्थानों पर रैंप का निर्माण कराया गया है। जेएलएन अस्पताल अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे ने जानकारी दी कि अस्पताल भवन की छतों पर वाटरप्रूफिंग का कार्य किया जा रहा है, जिससे बरसात के दिनों में पानी की सीलन और टपकने की समस्या न हो। अस्पताल परिसर में बरसात का पानी जमा न हो इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सभी नालियों और नालों की सफाई पूरी कर ली गई है। साथ ही उन स्थानों पर विशेष रैंप बनाए गए हैं, जहां हर साल पानी भरने की समस्या सामने आती थी। नगीना बाग एंट्री गेट, आइसोलेशन वार्ड और सोनोग्राफी विभाग के पास विशेष रूप से रैंप बनाकर पानी की निकासी का रास्ता सुगम किया गया है। ईएनटी और अस्थि रोग विभाग में शेड लगाने का कार्य भी चल रहा है, ताकि तेज बारिश के दौरान मरीजों को ओपीडी में आने जाने में परेशानी न हो और परिसर में जलभराव से राहत मिल सके।अस्पताल प्रशासन ने माइक्रोबायोलॉजी और पैथोलॉजी लैब को भी अस्थायी रूप से शिफ्ट कर व्यवस्थाएं की हैं,जिससे प्रयोगशालाओं में काम काज बाधित न हो,डॉ.खरे ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है,ताकि मानसून के दौरान अस्पताल परिसर में जलभराव,सीलन और अन्य समस्याओं से मरीजों एवं स्टाफ को कोई परेशानी न हो।

जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

आसींद, (निसं)। आसींद नगर के ठीक मध्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 158 पर लगभग 700 मी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस संबंध में आज नगर के निवासियों ने जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की । ज्ञापन में बताया गया है कि हाईवे का यह अधूरा हिस्सा नगर के मध्य में होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। सड़क पर गिट्टी और मिट्टी फैली होने के कारणसे धूल उड़ती है जिससे राहगीरों एवं दुकानदारों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले बारिश के मौसम में और राहगीरों एवं दुकानदारों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ सकता है त स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई महीनो से यह निर्माण कार्य रुका हुआ पड़ा है और संबंधित विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कई बार एनएच के बड़े अधिकारियों से शिकायत की गई मगर उनके द्वारा अब तक कोई संतुष्टि का जवाब नगर वासियों को नहीं मिला है।

15 दिवसीय नाट्य शिविर का समापन आज

अजमेर । आधुनिक नाट्य कला संस्थान अजमेर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय युवा एवं बाल नाट्य प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को सूचना केन्द्र के सभागार में सायं 7 बजे होगा। समापन अवसर पर देशभक्ति पर आधारित नाटक सिंदूर का मंचन किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण शिविर में बाल एवं युवा प्रतिभागियों को नाट्य रस, अभिनय, भाव-भंगिमाएं और मंचीय अनुशासन जैसे विविध पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान प्रशिक्षार्थियों ने वरिष्ठ रंगकर्मी लाखन सिंह द्वारा लिखित व निर्देशन में नाटक सिंदूर तैयार किया है। डॉ. हरबंस सिंह दुआ ने बताया कि यह नाटक पुलवामा और पहलगाम जैसे वास्तविक घटनाक्रमों पर आधारित है।

अध्यापक नहीं होने से 12 वीं क्लास के आधे छात्र बोर्ड परीक्षा में फेल

मांडलगढ़ । मांडलगढ़ शहर के प्रतिष्ठित मॉडल स्कूल में विषय अध्यापकों की पिछले तीन वर्ष से भारी कमी के चलते छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित रही है। ताज़ा परीक्षा परिणामों में सामने आया है कि कई विद्यार्थी विभिन्न विषयों में फेल हो गए हैं। यह स्थिति अभिभावकों, छात्रों और शिक्षा प्रेमियों के बीच चिंता का विषय बनी हुई है।वहीं सिस्टम की अनदेखी से फेल हुए विद्यार्थियों को डिप्रेशन झेलना पड़ रहा हैं।

मांडलगढ़ छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक दाधीच के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी के मार्फ़त शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि के मांडलगढ़ में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में पिछले 3 वर्षों से - फिजिक्स , बायोलॉजी , केमिस्ट्री ओर इस वर्ष से - इंग्लिश ओर मैथ्स विषय में अध्यापकों की कमी के चलते कोर्स की पढ़ाई सम्पूर्ण रूप से नहीं हो सकी हैं। जिससे 12 वीं क्लास में कुल 25 विद्यार्थियों मे से महज 14 कम अंको से उतीर्ण हुए,जबकि 11 विद्यार्थी अनुउतीर्ण हो गए।

अध्यापकों की कमी के चलते स्कूल प्रशासन, विधायक और मुख्यमंत्री तक को विद्यार्थियों ने कई बार अवगत कराया। लेकिन कोई तवज्जो नहीं दी गई। छात्रों को मजबूरन खुद से आधी अधूरी पढ़ाई करनी पड़ी, या फिर कइयों को ट्यूशन का सहारा लेना पड़ा। परिणामस्वरूप, बोर्ड परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी न्यूनतम अंक भी प्राप्त नहीं कर सके। एक अभिभावक ने कहा, ''हमने बच्चों को मॉडल स्कूल में इसलिए दाखिल कराया था ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके, लेकिन अब शिक्षक ही नहीं हैं तो शिक्षा कैसी?'' विद्यालय प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ने भी विषयकअध्यापक न होने की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग ओर मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल को कई बार पत्र भेजे गए हैं, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। छात्र संघ अध्यक्ष ने बताया कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए, शिक्षा विभाग से मांग की जा रही है कि आने वाले सत्र से जल्द ही खाली पदों पर स्थायी या अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। साथ ही, जो छात्र पिछड़ गए हैं, उनके लिए विशेष कक्षाएं चलाई जाएं ताकि वे आगे की पढ़ाई में पिछड़ न जाएं। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो यह संकट और गहराता जाएगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर असर पडेगा। इस मामले को लेकर पिछले दिनों मॉडल स्कूल के बोर्ड परिणाम ओर विद्यार्थियों की शिकायत पर प्रदेश कांठोस कमेटी सचिव विभा माथुर ने मांडलगढ़ के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की शिक्षण व्यवस्था पर कई सवाल खड़े किए और विषय विषयक अध्यापक नहीं होने पर 12 वीं क्लास में 25 मे से 11 स्टूडेंट बोर्ड परीक्षा में हुए फैल होने पर चिंता जाहिर की।

बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि

अजमेर । नगर निगम के पूर्व उप महापौर संपत सांखला ने हरिभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार स्थित सिंधुपति महाराज दाहरसेन स्मारक को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की मांग की है। इससे इतिहास पुरुष के बलिदानों की गाथाएं आने वाली पीढियों के लिए शोध का विषय बनेगा। महाराजा दाहरसेन के 1313वें बलिदान दिवस पर आयोजित एक समारोह में पूर्व उपमहापौर सांखला ने कहा कि इस स्मारक पर सिंध से आए अनेक समाज के लोग अपने आराध्यों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस स्मारक को राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त होने से अजमेर का गौरव भी बढ़ेगा। भारतीय सिन्धू सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने महाराजा दाहरसेन स्मारक से जुड़ी जानकारियां बताई। 29 वर्ष पूर्व तत्कालीन नगर सुधार न्यास के अध्यक्ष एवं वर्तमान राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से इस स्मारक का निर्माण हुआ। भारतीय सिन्धू सभा द्वारा देश भर में आज बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि समारोह का शुभारंभ हिंगलाज माता मंदिर में पूजा अर्चना पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा द्वारा करवाई गई। इसके उपरांत सिंध प्रांत के प्रतीक शिला को राष्ट्र सुरक्षा का धागा बांधकर अपना सिन्ध हिन्द में मिलकर अखण्ड भारत बनाने का संकल्प दोहराया । इस अवसर पर सभी ने राष्ट्रभक्ति से गगनचुंबी नारे लगाकर अपनी श्रृद्धांजलि अर्पित की। समारोह में हाल ही दक्षिण कोरिया में आयोजित वर्ल्ड कप पेरा राइफल शूटिंग प्रतियोगिता की स्वर्ण पदक विजेता सृष्टि अरोड़ा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महाराजा दाहरसेन व सिन्ध के चित्र पर आयोजित रंगभरो प्रतियोगिता के विजेता अगम आहूजा को प्रथमए सार्थक फेरवाणी को द्वितीय व ईथान शानू को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में शशिप्रकाश इन्दोरिया, रमेश वलीरामाणी, प्रकाश जेठरा, मुकेश आहूजा, मुकेश खीचीं, हरीराम कोडवाणी, जयप्रकाश मंघनाणी, डॉ. भरत छबलाणी, कमलेश शर्मा, प्रकाश हिंगोराणी, रामस्वरूप कूडी, मौजुद थे।

मुक्ति धाम में लगाए 21 पौधे

नसीराबाद, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नसीराबाद शहर भाजपा मंडल द्वारा सोमवार को रामसर रोड स्थित मुक्ति धाम परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर आधारित इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ 21 पौधे रोपे गए । अमंडल अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जनकल्याण और राष्ट्रहित के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। पर्यावरण संरक्षण आज की महती आवश्यकता है, और पार्टी अपने प्रत्येक अभियान में प्रकृति और समाज दोनों को साथ लेकर चलती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत कुल 500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, और प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम 5 पौधे लगाना अनिवार्य किया गया है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक दीपक बाबानी एवं प्रदीप अठावाल, मंडल महामंत्री महेंद्र पथरिया, दिनेश बोहरा, महेंद्र डाबी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। भाजपा कार्यकर्ताओं का यह प्रयास केवल एक पौधारोपण नहीं, बल्कि भविष्य को हरियाली देने वाला जन-संकल्प है।

सड़क मरम्मत के लिए महिलाएं निगम पहुंची

अजमेर । अपने घर के सामने सडक़ को दुरुस्त करने के लिए आशागंज के सिंधु बाड़ी क्षेत्र की महिलाएं नगर निगम के नए भवन पहुंची, यहां आयुक्त के नहीं होने पर निगम के पोर्च में ही बैठकर इंतजार करने लगी महिलाओं का कहना है कि उनके क्षेत्र में लगभग 20 दिन से सडक़ उखड़ी पड़ी है। बरसात के दौरान गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे घर से निकलना मुहाल हो गया है। क्षेत्रीय पार्षद सीता टांक को भी कई बार गुहार लगाने के बाद भी कोई जवाब नहीं दिया गया। महिलाएं अपनी पीड़ा लेकर निगम के नए भवन पहुंची, लेकिन आयुक्त देशाल दान के कार्यालय में नहीं होने पर उनके इंतजार में निगम के पोर्च में ही बैठ गई।

पंच पैरावणी रस्म में देशभर के किन्नर शामिल

मदनगंज-किशनगढ, (निस)। अग्रसेन विहार में आयोज्य अखिल भारतीय राष्ट्रीय किन्नर महासम्मेलन के अंतर्गत पंच पैरावणी रस्म का विधिवत आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से आये किन्नर प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह रस्म किन्नर समुदाय के लिये गहरी आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक मानी जाती है। इस अवसर पर पांच प्रमुख किन्नर गुरुओं के चरण पखाकर पवित्रता तथा श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप वस्त्र व भेंट अर्पित की गईं। वातावरण भक्ति और समर्पण की भावना से ओतप्रोत रहा, जहां श्रद्धालुओं सहित अनुयायियों ने गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। पंच पैरावणी केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह किन्नर समाज के भीतर गुरु-शिष्य परंपरा, सम्मान, और सामूहिक आत्मबल को दर्शाने वाली रस्म है। आयोजन में उपस्थित गुरुओं ने एकता, संयम और सेवा की भावना पर बल देते हुए समाज में सकारात्मक योगदान देने का आव्हान किया। आयोजक नाजर किन्नर समाज किशनगढ अध्यक्ष रानी बाई व गुरु सरोज बाई ने बताया ।

पृथ्वीराज नगर योजना जगमगायेगी एल.ई.डी. लाईटों से

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर द्वारा पुरानी योजनाओं में बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने के सार्थक प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। इस क्रम में पृथ्वीराज नगर योजना क्षेत्र के सेक्टर सी ही तथा ई में शेष बचे विद्युतीकरण कार्य के लिए राशि रुपये 436.92 लाख का कार्यादेश जारी किया गया था।

जिसके तहत 33/11 के वी जी एस एस , 33 के वी तथा 11 के वी केबिल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पीसीसी पोल एल टी कम्पीलीट नेटवर्क का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था हेतु एलईडी स्ट्रीट लाइट, पावर ट्रांसफार्मर, वितरण ट्रांसफार्मर इत्यादि के खरीद का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

उएए कन्ट्रोन रुम एवं बाउण्ड्री वाल का कार्य भी पूर्ण कर लिय गया है। योजना क्षेत्र में एक 33/11 के वी जीएसएस 11 के वी नेटवर्क का कार्य पूर्ण कर पूर्व में ही टाटा पावर लिमिटेड को हस्तान्तरित किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा योजना क्षेत्र के 85 प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है जिससे समस्त आवंटियों को विद्युत प्रदाय एवं सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी।

NAME CHANGE

I, Manjoo Devi Mother of Army No.14841474N, CHM, Anil Kumar Singh, Residing Vill & Po- Abishan, Teh- Ghazipur, Dist-Ghazipur, U.P, 233222 have change my Name from Manjoo Devi to Manju Singh vide Affidavit No. CA333560 Dt 16/06/2025 before Court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Ram Bhavan Singh Father of Army No.14841474N, CHM, Anil Kumar Singh, Residing Vill & Po-Abishan, Teh- Ghazipur, Dist-Ghazipur, U.P, 233222 have change my Name from Ram Bhavan Singh to Rambhuvan Singh vide Affidavit No. CA333559 Dt 16/06/2025 before Court campus Nasirabad

आम सूचना

मेरा बड़ा भाई कल्याण पुत्र श्योचन्द जाति जाट निवासी कटसुरा की मृत्यु दिनांक 25/03/2001 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम कटसुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कटसुरा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे भाई कल्याण जाट का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- श्रवण पुत्र श्योचन्द जाट निवासी ग्राम कटसुरा तहसील अरांई, अजमेर।

आम सूचना

मेरे पिताजी राजू पुत्र भागीरथ जाति जाट निवासी ग्राम कटसुरा की मृत्यु दिनांक 20.07.2000 को मेरे निवास स्थान ग्राम कटसुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कटसुरा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पिताजी राजू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।- प्रार्थी-घीसा पुत्र राजू जाति जाट, निवासी ग्राम कटसुरा तहसील अरांई, अजमेर।

आम सूचना

मेरा भाई सोदान पुत्र श्योचन्द जाति जाट निवासी ग्राम कटसुरा की मृत्यु दिनांक 05.07.2002 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम कटसुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कटसुरा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे भाई सोदान जाट का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- श्रवण पुत्र श्योचन्द जाट, निवासी ग्राम कटसुरा तहसील अरांई अजमेर।

कार्यालय नगर निगम,अजमेर

क्रमांक : योजना/2025-26/227 सार्वजनिक सूचना दिनांक : 16/06/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उर्मिला शर्मा पत्नी स्व. श्री दिगपाल शर्मा निवासी गुरू नानक स्कूल के पास, वैशाली नगर, अजमेर के द्वारा नगर निगम की भगवानगंज डबल स्टोरी योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 19 क्षेत्रफल 155.56 वर्गगज को अपने नाम से नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज संलग्न कर आवेदन संख्या LSG/AJMER/MUT/2025-26/131614 दिनांक 21.05.2025 को नामान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्री दिगपाल शर्मा पुत्र स्व. श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा के नाम से दर्ज है। श्री दिगपाल शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 26.10.2024 को हो चुका है। सजरा प्रमाण पत्र के आधार पर के विधिक वारिस क्रमशः श्रीमती उर्मिला शर्मा(पत्नी), ध्वनि शर्मा(पुत्री) एवं ग्रीष्मा शर्मा (पुत्री) है। उपरोक्त वारिसों द्वारा पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 18.03.2025 को अपने सहहिस्सेदार श्रीमती उर्मिला शर्मा पत्नी स्व. श्री दिगपाल शर्मा के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर नामान्तरण चाहा है। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 118 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन के 07 कार्य दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को अजमेर नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने/पढ़ने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपत्ति उज्र हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 कार्य दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा।

कीर्ति कुमावत, उपायुक्त नगर निगम,अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 454 जाहिर आम सूचना दिनांक : 13/06/2025

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 4-घ-8, आनासागर सरवयूलर रोड, अजमेर क्षेत्रफल 59.06 व.मीटर मूल आवंटी श्रीमती उर्मिला जैन पत्नि श्री आर.सी. दोसी को आवंटित कर दिनांक 08.07.1983 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती उर्मिला जैन पत्नि श्री आर.सी. दोसी द्वारा दिनांक 28.05.1990 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्रीमती उर्मिला जैन की मृत्यु दिनांक 29.01.2024 को हो जाने के कारण उनके पति श्री रमेशचन्द दोशी पुत्र स्व. श्री हीरालाल दोशी द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्री रमेशचन्द दोशी पुत्र स्व. श्री हीरालाल दोशी के पक्ष में श्रीमती संगीता जैनपुत्री श्री रमेशचन्द दोशी पत्नि श्री अनुज कुमार, श्रीमती सुनीता जैन पुत्री श्री रमेशचन्द दोशी पत्नि श्री संजय कुमार जैन, श्रीमती रितु जैन पुत्री श्री रमेशचन्द दोशी पत्नि श्री विनय टाली, श्रीमती दीपानी जैन पुत्रवधु श्री रमेशचन्द दोशी पत्नि स्व. श्री विकास दोशी वहैसियत खुद व वहैसियत माता व संरक्षिका नाबालिक पुत्री कुमारी निता जैन सुपौत्री श्री रमेशचन्द दोशी पुत्री स्व. श्री विकास दोशी व कुमारी श्रेया जैन सुपौत्री श्री रमेशचन्द दोशी पुत्री स्व. श्री विकास दोशी द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्री रमेशचन्द दोशी पुत्र स्व. श्री हीरालाल दोशी ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री रमेशचन्द दोशी पुत्र स्व. श्री हीरालाल दोशी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी,राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत चाचियावास पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)

क्रमांक-ग्रा.पं.चाचियावास/निविदा/SBM-G/2025-26/26 दिनांक:-16.06.25

ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26

ग्राम पंचायत चाचियावास में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संगहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के तहत इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदा दिनांक 16.06.2025 से 19.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/& http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO: ZAJ2526A0694
UBN No: ZAJ2526SLRC00765

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चाचियावास
पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत चाचियावास
पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)


आयुष मंत्रालय
भारत सरकार
"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग"
11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
भारत के एक लाख से अधिक स्थानों पर योग
175 से अधिक देशों में योग का भव्य उत्सव!
अपने नज़दीकी #IDY2025 कार्यक्रम से जुड़ें!
योग अपनाइए, ताकि:
रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकें, तनाव को कम कर सक